19.12.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

## प्रधानमंत्री-डब्ल्यूएचओ शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन- डब्ल्यू.एच.ओ के पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरे वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आयुष क्षेत्र के लिए प्रमुख डिजिटल पोर्टल, माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण पहलों का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षण पर डब्ल्यू.एच.ओ की रिपोर्ट और आयुष मंत्रालय के 11 वर्षों के परिवर्तन पर पुस्तक का विमोचन भी करेंगे। वे अश्वगंधा पर स्मारक डाक टिकट जारी करेंगे।

## प्रेस कांफ्रेंस जनसंपर्क कृषि

प्रदेश के कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने आज भोपाल के जनसंपर्क संचालनालय सभागार में प्रेस वार्ता करके कृषि विभाग के 2 साल के कामकाज का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सोयाबीन एवं मक्का के उत्पादन में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है, तथा गेहूं, उड़द, मसूर, बना, सरसों, तिलहन,और दलहन, जैसे मोटा अनाज के क्षेत्र में प्रदेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कंसाना ने कहा कि किसानों की मेहनत और सरकार की किसान–हितैषी नीतियों से ही यह उपलब्धियां हासिल करने में हम सफल हुए है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2002–2003 में सिंचाई का क्षेत्रफल लगभग साढे सात लाख हैक्टेयर हुआ करता था। जो कि 2024–25 में बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर से अधिक तक पहुंच गया है। आगामी 3 वर्षों में सिंचाई का रकबा बढ़ाकर पैसठ लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। प्रदेश में सरकार द्वारा जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है।

## राष्ट्रपति–राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हैदराबाद में राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भर्ती करते समय लोक सेवा आयोगों को ईमानदारी और निष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने राज्य लोक सेवा आयोगों को भरोसेमंद सरकारी संस्थानों में से एक बताते हुए राष्ट्रीय और राज्य आयोगों से उभरती चुनौतियों का अनुमान लगाने और विश्वसनीयता को अधिकतम महत्व देते हुए खुद को तैयार करने के लिए कहा।

## संसद स्थगित

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही 19 दिन का शीतकालीन सत्र आज समाप्त हो गया। पहले लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया और उसके बाद राज्यसभा को स्थगित किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने समापन भाषण में कहा कि सदन की कार्यवाही लगभग एक सौ

ग्यारह प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि सदन की कुल 15 बैठक हुईं। उन्होंने सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग के लिए सभी सदस्यों को धन्यवाद भी दिया।

## संक्षिप्त समाचार

- शिवपुरी जिले में श्रम विभाग के द्वारा पात्र उद्योगों एवं प्रतिष्ठानों को श्रम स्टार रेटिंग जारी किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है, जिसमें जिले के समस्त उद्योगों, कारखानों एवं प्रतिष्ठानों को शामिल होने की अपील की गई है।
- अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई के तत्वावधान में वीर बाल दिवस गोष्ठी का आयोजन 21 दिसंबर 2025 को विश्व संवाद केंद्र भोपाल में किया जाएगा।
- कटनी जिला में स्वास्थ्य विभाग ने मैदानी कर्मियों एवं आम नागरिकों को शीतलहर से बचाव की सलाह दी है।
- दिसम्बर के अंतिम सप्ताह से जनवरी माह के दौरान शीतलहर और पाले की आशंका है। ऐसे में कृषि विभाग खंडवा द्वारा किसानों को सतर्क रहने की अपील की है।

---------------------------------------------